शाह ने मुंबई में लालबागचा राजा के दर्शन किए

मुंबई। ए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी पत्नी सोनल के साथ सोमवार को मुंबई में प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणेश पंडाल जा कर गणेश भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मुंबई के लालबाग इलाके में सबसे प्रसिद्ध गणेश पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन के दौरान शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी थे।

महाराष्ट्र में चुनावी समीकरण बैठाने में जुटे शाह

शाह सीएम शिंदे और अजित पवार से मिले, कई गणेश पंडाल में दर्शन किए

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।

महाराष्ट्र में गणेश उत्सव के चलते राज्य में उल्लास का माहौल है, तो दूसरी ओर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पारा भी धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। वैसे यहां विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन नेताओं की सक्रियता और बयानबाजी ने माहौल को गरमा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुंबई हवाई अड्डे पर संक्षिप्त मुलाकात की और कई गणेश पंडाल में दर्शन किये। बैठक में क्या बातचीत हुई, इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, शाह ने भारतीय जनता पार्टी के दोनों सहयोगियों को आश्वासन दिया कि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए महायुति सहयोगियों के बीच विधानसभा सीट का 'सम्मानजनक' वितरण होगा।

सूत्रों का कहना है कि महायुति सरकार के प्रमुख सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) से सीट बंटवारे पर बातचीत करने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को दो दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचे। इन दो दिनों में शाह ने दोलों दलों के मुखिया से अलग-अलग बातचीत कर उनका मन टटोलने की कोशिश की। उन्होंने दोनों दलों से अनुरोध किया है कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भी नेता सार्वजनिक बयान देने के बजाय आपस में बैठकर बातचीत करें। मुंबई से रवाना होने से पहले शाह ने सोमवार को शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और अन्य अहम नेताओं से मुलाकात की। शाह मुंबई में प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणेश पंडाल जा कर भगवान गणेश के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इससे पहले सुबह, शाह यहां मुख्यमंत्री शिंदे और फडणवीस के आधिकारिक आवास पर गए और उनके घरों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन किए।

288 विधानसभा सीटों पर विस्तार से चर्चा की शाह ने

सूत्रों के मुताबिक शाह ने भाजपा नेताओं के साथ अलग से बैठक कर राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर विस्तार से चर्चा की है। इस मौके पर उन्होंने पार्टी की ओर से कराए गए आंतरिक सर्वे का जिक्र किया और बताया कि कुछ विधायकों के कामकाज संतोषजनक नहीं रहा है। लिहाजा टिकट देते समय पार्टी को प्रत्याशियों के चयन पर सजग रहने की जरूरत है। इसी के साथ उन्होंने अपने नेताओं को संतुलित बोलने और विपक्ष के फर्जी नैरेटिव को मजबूती से ध्वस्त करने की सलाह दी।

पवार ने 60 सीटों पर लड़ने का दिया था बयान

असल में बीते दिनों अजित पवार ने एक साक्षात्कार में कहा था कि वह राज में 60 से अधिक विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों के बीच लाडली बहन योजना को लेकर भी तकरार की बात सार्वजनिक हुई थी, जिस पर विपक्ष ने कटाक्ष भी किया था।

न्यूज डायरी

दरोगा, एसपी, कलेक्टर और जज सब शराब पी रहे हैं : मांझी

पटना। ए। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार द्वारा लागू किये पूर्ण शराबबंदी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुये केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सोमवार को दावा किया कि प्रदेश में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी और यहां तक कि जज भी शराब का सेवन कर रहे हैं। प्रदेश में लागू शराबबंदी पर उनकी ओर से प्रश्न उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके मांझी ने सोमवार को जमुई में पत्रकारों से कहा कि वह शराबबंदी को लेकर सरकार पर निशाना नहीं साध रहे हैं बल्कि सुझाव दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम नीतीश कुमार के मित्र, उनके साथी हैं, इसलिए कहना चाहते हैं कि जो बात गलत है, उसका परिमार्जन कीजिए।'

धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही संभव : योगी

लखनऊ। ए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को खेलों का महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकता है और धर्म के जितने भी साधन हैं वे स्वस्थ शरीर से ही संभव हैं। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को महत्व दिया गया है।

मानहानि मामला: थरूर की याचिका पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। ए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले के खिलाफ कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित तौर पर की गई 'शिवलिंग पर बिच्छू' संबंधी थरूर की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था।

अधिकारी को बल्ले से पीटने के मामले में विजयवर्गीय का बेटा बरी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। ए। इंदौर नगर निगम के एक भवन निरीक्षक की वर्ष 2019 में क्रिकेट के बल्ले से कथित तौर पर पिटाई के मामले में अभियोजन को सोमवार को तगड़ा झटका लगा, जब भाजपा के पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय समेत 10 लोगों को विशेष न्यायालय ने आरोपों से बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील उदयप्रताप सिंह कुशवाह ने संवाददाताओं को बताया, अभियोजन इस मामले में अदालत में आरोप साबित नहीं कर सका।

भाजपा प्रमुख के बेटे की कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी

नागपुर। ए। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत की लग्जरी ऑडी कार ने नागपुर के रामदासपेठ इलाके में कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। ऑडी कार ने पहले शिकायतकर्ता जितेंद्र सोनकांबले की कार को रविवार देर रात एक बजे टक्कर मारी और फिर एक मोपेड को। इससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। ऑडी कार में आरोपी धरमपेठ स्थित एक बीयर बार से लौट रहे थे, तभी यह घटना घटी। ऑडी कार ने मनकापुर इलाके की ओर जा रहे कुछ और वाहनों को टक्कर मारी।

घटना पर लोगों की नाराजगी बंगाल की राजनीति में शुरू कर सकती है नया अध्याय

आरजी कर प्रदर्शन : ममता के सामने अभूतपूर्व चुनौती

जन आंदोलन ने एक नए राजनीतिक दल के लिए उर्वर जमीन तैयार की

कोलकाता। एजेंसी। आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले ने पश्चिम बंगाल में व्यापक जन आक्रोश पैदा कर दिया है, जिससे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा हो गया और यह 2011 में सत्ता संभालने के बाद से अब तक ममता बनर्जी के नेतृत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों और नेताओं का मानना है कि इस घटना के बाद निरंतर जन आंदोलन ने पश्चिम बंगाल में आम नागरिकों, छात्रों और पेशेवरों के नेतृत्व में एक नए राजनीतिक दल के लिए उर्वर जमीन तैयार की है, जिनका सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से मोहभंग हो चुका है। राजनीतिक विशेषज्ञ मैदुल इस्लाम ने कहा, इस आंदोलन की ताकत पारंपरिक राजनीतिक बैनर से इसकी आजादी में है जो न्याय, पारदर्शिता तथा प्रभावी शासन के लिए उसकी व्यापक मांग को दर्शाता है। इसने मौजूदा विपक्षी दलों में नेतृत्व के अभाव को उजागर कर दिया है, जिसे जवाबदेही के लिए प्रदर्शनकारियों के आान के साथ जुड़कर एक नई पार्टी संभावित रूप से पूरा कर सकती है।' इस्लाम ने इस बारे में बड़ी सावधानी से प्रतिक्रिया दी कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए इसके क्या मायने हैं। उन्होंने कहा, अधिक से अधिक, मैं इस घटना को टीएमसी के साथ मध्यम वर्ग की करीबी के अंत की शुरूआत कह सकता हूं। ग्रामीण क्षेत्र अब भी इस बड़े पैमाने पर उपजी शहरी भावना के साथ पूरी तरह से जुड़ा नहीं है।' कोलकाता के सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक से उस वक्त कथित तौर पर दुष्कर्म और उसकी हत्या की गयी जब वह ड्यूटी पर थी। उसका शव नौ अगस्त को मिला था। इसके अगले दिन कोलकाता पुलिस ने एक स्वयंसेवी को गिरफ्तार किया था। इस घटना को लेकर जन आक्रोश इतना ज्यादा था कि हजारों चिकित्सा पेशेवर, छात्र, कार्यकर्ता और आम नागरिक कोलकाता तथा अन्य शहरों की सड़कों पर उतर गए थे।

तृणमूल ने शुरूआत में इस मामले में धीमी प्रतिक्रिया दी और विवादास्पद टिप्पणियां कीं। उसकी इस मामले को संभालने में नाकामी के लिए व्यापक आलोचना की गयी। मुख्यमंत्री की सार्वजनिक निंदा और त्वरित न्याय के वादे जनता के गुस्से को शांत करने या अपने नागरिकों की रक्षा करने में उनके प्रशासन की क्षमता में विश्वास बहाल करने में विफल रहे। वरिष्ठ पत्रकार विश्वजीत भट्टाचार्य ने कहा, आरजी कर अस्पताल की घटना ने शिक्षित नागरिक समाज की सीमित वर्ग चेतना को मिटा दिया है, जिसने अब किसी की अगुवाई में काम करने के बजाय विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व चुना है।' उन्होंने माना कि उन्होंने पहले कभी इस तरह के स्तर और चरित्र का स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं देखा।

तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कोलकाता पुलिस ने मुख्य आरोपी को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया' लेकिन प्रशासनिक तौर पर गलत कदमों और पीड़िता के माता-पिता के आरोपों के कारण जनता के बीच यह धारणा बन गयी कि सरकार ने इस मामले पर लीपापोती की है। तृणमूल प्रवक्ता कृष्णु मित्रा ने यह कहकर न्याय के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता का बचाव किया कि ये प्रदर्शन साबित करते हैं कि पश्चिम बंगाल में आंदोलन के लिए लोकतांत्रिक गुंजाइश है जबकि भाजपा शासित राज्यों में ऐसा नहीं है।'

मैंने मृतक चिकित्सक के परिवार को कभी पैसों की पेशकश नहीं की : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कोलकाता के सरकारी अस्पताल में पिछले महीने एक चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना पर जन आक्रोश को लेकर केंद्र साजिश रच रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसमें कुछ वामपंथी दल भी शामिल हैं। ममता ने कहा, मैंने मृतक चिकित्सक के परिवार को कभी पैसों की पेशकश नहीं की, यह बदनाम करने के अलावा और कुछ नहीं है। मैंने उनसे कहा कि अगर वे अपनी बेटी की याद में कुछ करना चाहते हैं तो हमारी सरकार उनके साथ है। मैं जानती हूं कि कब, क्या बोलना है।' राज्य सचिवालय नबान्न में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक में ममता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मृतक चिकित्सक के माता-पिता को कभी पैसों की पेशकश नहीं की।

टीएमसी के अंदर भी मतभेद पैदा हुए

इस घटना ने सत्तारूढ़ पार्टी के बीच मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। राज्यसभा में तृणमूल के उप नेता सुखेंदु शेखर रे को 'रीक्लेम द नाइट' प्रदर्शन का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने के बाद पार्टी की नाराजगी झेलनी पड़ी। उन्होंने सीबीआई से आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल से पूछताछ करने के लिए भी कहा था। इस बीच, उनके सहकर्मी जवाहर सरकार ने भ्रष्ट चिकित्सकों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर निराशा जताते हुए राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने और राजनीति छोड़ने की घोषणा की।

विस चुनाव : हरियाणा में जुदा हुईं कांग्रेस व आप की राहें

बातचीत फेल, आप ने जारी की 20 प्रत्याशियों की सूची

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।

हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर चल रही बातचीत के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने 20 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें इनमें 11 सीटें ऐसी हैं, जिन पर कांग्रेस पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसके साफ संकेत हैं कि हरियाणा में कोई गठबंधन नहीं होगा और दोनों पार्टियां अलग-अलग अपने दम पर चुनाव लड़ेंगी। सूत्रों का कहना है कि आप 10 से अधिक सीटों की मांग कर रही थी, जिनमें वे सीटें भी शामिल थीं, जिन्हें कांग्रेस किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहती है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस गठबंधन के पक्ष में थे, लेकिन कांग्रेस की प्रदेश इकाई इसके लिए तैयार नहीं थी। जब पसंदीदा सीटों और संख्या पर पेंच फंसा तो कांग्रेस और आप की राहें अलग हो गईं। इतना ही नहीं अगले साल होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की संभावना तकरीबन खत्म मानी जा रही है। आप ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक से बिजेंद्र हुड्डा और कलायत से अनुराग ढांडा को टिकट दिया है। कलायत से भाजपा की प्रत्याशी कमलेश ढांडा हैं। इसी तरह उचाना कलां से आप ने पवन फौजी को मैदान में उतारा है, जहां से पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के पुत्र बिजेंद्र सिंह कांग्रेस और देवेंद्र अत्री भाजपा के प्रत्याशी हैं। यह सीट जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का मजबूत गढ़ मानी जाती है।

बागियों को आप ने टिकट दी, तो कांग्रेस को होगी दिक्कत

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस और भाजपा के कई नाराज टिकटार्थी आप के संपर्क में हैं। यदि इन दलबदलुओं को पार्टी मैदान में उतारती है तो इसका ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हो सकता है। इस बार राज्य में इनेलो-बसपा और जेजेपी-आजाद समाज पार्टी का गठबंधन भी मैदान में हैं। वहीं भाजपा भी गोपाल कांडा की लोकहित पार्टी और कुलदीप बिश्नोई की हरियाणा जनहित कांग्रेस को साथ लेकर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। हरियाणा में चौकोणीय मुकाबले की स्थिति बन चुकी है और कांग्रेस को तीन गठबंधनों समेत आप से मुकाबला करना होगा। चुनाव बेहद रोचक हो चुका है और लोगों की निगाहें इस बात पर लगी हुई हैं कौन किंग बनेगा और किंग मेकर?

कांग्रेस को मिल सकती है संसद की चार स्थायी समितियों की अध्यक्षता

नई दिल्ली। ए। लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को संसद की चार स्थायी समितियों की अध्यक्षता मिलने की संभावना है, जिनमें 'शीर्ष चार' की एक समिति भी शामिल है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छह समितियों की अध्यक्षता की मांग की है। द्रमुक को लोकसभा और राज्यसभा में एक-एक समिति की अध्यक्षता मिल सकती है और तृणमूल कांग्रेस को भी एक समिति की अध्यक्षता मिलने की संभावना है। समाजवादी पार्टी के लोकसभा में 37 सदस्य हैं, लेकिन वह रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में राज्यसभा की एक समिति के लिए जोर दे रही है।

पश्चिम रेल्वे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना सं. S/49/2024 दिनांक : 06.09.2024

अनुक्र.	आइटम का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	T.O.D.
612	मेन कम्प्रेशर (आयल लुब्रिकेटेड)	60 नंबर्स	03.10.2024
613	सिलिकॉन रेक्टीफायर ब्लॉक	22 सेट	03.10.2024
614	एर्नो (Arno) कन्व्हर्टर	20 नंबर्स	07.10.2024
615	किट, आइसोलेटिंग कॉक के लिये	2384 सेट	07.10.2024
616	इलास्टिक रेल क्लिप्स (ERC-J TYPE) RDSO ड्राइंग नं. T-8258	500000 नंबर्स	07.10.2024
617	ब्रेक गेयर बुश, ICF कोचेस के लिये	235596 नंबर्स	14.10.2024
618	इलेक्ट्रानिक रेक्टिफायर-सह-रेग्युलेटर	40 नंबर्स	14.10.2024
619	साइलेंट ब्लॉक, एंकर लिंक के लिये	11847 नंबर्स	14.10.2024
620	110 वोल्ट्स ब्रुशलेस DC फैन, फिक्स्ड टाइप	4088 नंबर्स	15.10.2024
621	LP-HP सिलेंडर नोर ब्रीक्स (Knorr Bremse) कम्प्रेशर का सेट	310 सेट	15.10.2024
622	LP-HP वाल्व का सेट, नोर-बीक्स (Knorr-Bremse) कम्प्रेशर के लिये	149 सेट	21.10.2024
रिव्हर्स आक्शन			
48	अन-इन्सुलेटेड कैडमियम कापर कैटेनरी वायर 125 वर्ग मिमी.	145 KM	04.10.2024

विस्तृत निविदा सूचना, ईएमडी, परचेस रेस्ट्रिक्शंस तथा विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in, तथा wr.indianrailways.gov.in पर विजिट करें. 0523

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

इस्तीफा मंजूर, विनेश फोगाट के चुनाव लड़ने का रास्ता साफ

नई दिल्ली। एजेंसी। रेलवे ने सोमवार को पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के इस्तीफे स्वीकार कर लिए। ऐसी अटकलें थीं कि नोटिस अवधि के मानदंड के मद्देनजर फोगाट संभवतः चुनाव नहीं लड़ पाएंगी। चुनाव नियमों के अनुसार, हरियाणा में पांच अक्टूबर को होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उन्हें रेलवे से आधिकारिक रूप से मुक्त होना होगा। अब, चूंकि रेलवे ने दोनों ओलंपिक खिलाड़ियों को उनकी सेवा से मुक्त कर दिया है, इसलिए फोगाट चुनाव लड़ सकती हैं। उत्तर रेलवे ने दोनों के मामलों में तीन महीने की नोटिस अवधि के प्रावधान में ढील दी। सोमवार को जारी अलग-अलग नोटिस में उत्तर रेलवे ने कहा कि छह सितंबर को दिए गए उनके इस्तीफे को सक्षम प्राधिकारी द्वारा तेंकाल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है।' पूनिया और फोगाट दोनों हाल में कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

इंदिरा एकता पुरस्कार के लिए कांग्रेस ने मांगे प्रस्ताव

नई दिल्ली। नवभारत ब्यूरो। एआईसीसी के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार की सलाहकार समिति ने वर्ष 2022-023 के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। कांग्रेस ने इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1985 में की थी, जिसे हर वर्ष 31 अक्तूबर को स्व. इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर किसी व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है। इसे राष्ट्रीय एकता, आपसी समझदारी, विभिन्न धार्मिक समूहों में सांस्कृतिक व परंपराओं की राष्ट्रीय एकता भावना को सुदृढ़ करने व बढ़ाने के लिए स्थापित किया गया था। पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र व 10 लाख रुपए की नगद राशि दी जाती है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष व समिति के सदस्य सचिव अजय माकन के मुताबिक पुरस्कार के नामांकन के लिए प्रारूप एआईसीसी मुख्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। संस्तुति भेजने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

kotak

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री के लिये आम सूचना

पंजीकृत कार्यालय 27BKC, C 27, G- ब्लाक, बान्द्रा कुर्ला काम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई) मुम्बई- 400051.
कार्पोरेट आफिस : कोटक इनफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं.-21, इनफिनिटी पार्क, off. W.E. हाईवे, गौरेगांव, मुम्बई-400097.
ब्रांच/क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, मुक्ता प्रयाग काम्प्लेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पीछे, पंडरी, रायपुर-492001 छ.ग.

एतद्वारा आम लोगों को तथा विशेष रूप से कर्जदार/ सहकर्जदार/ गारंटर/ गिरवीकर्ता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के पास गिरवी रखी गई नीचे विवरणित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा 09.04.2024 को लिया है तथा इसे "जहां है, जैसा है", "जैसा है, जो है" तथा "जो है, वहां है" के आधार पर बिक्री किये जाएंगे, हमारे ई-नीलामी सर्विस पार्टनर, मे. C-1 इंडिया प्रा.लिमि. के वेब पोर्टल यानि www.c1india.com के जरिये, अचल संपत्ति, जिसका विवरण नीचे दिये गये हैं, की बिक्री के लिये, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा आनलाइन जमा करने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं :

कर्जदार(रों)/गारंटर(र्स)/गिरवीकर्ता(ओं) का नाम	डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि	अचल संपत्तियों का विवरण	रिजर्व प्राइस	प्रतिभूति राशि जमा (EMD)	अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि
लोन एकाउंट नं. LAP 17885970, 7712005125, 0132TL0100000103, 0132CL0100000035 तथा 0132TL0100000085 CRN No. 277252062 1. मे. लक्ष्मी सेल्स, द्वारा इसके समस्त पार्टनर्स, 2. श्रीमती अंजू अग्रवाल, 3. श्रीमती ललिता अग्रवाल, 4. मि. अनुराग अग्रवाल (भाई), 5. मि. आनंद अग्रवाल, सभी का पता : ईश्वर सॉ मिल के सामने, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.) 492001, 6. मे. सागर फ्यूल्स, द्वारा इसके प्रोप्राइटर श्रीमती ललिता अग्रवाल, पताः साशोली टिडा, छत्तीसगढ़-493114.	डिमांड नोटिस तिथि 21.09.2022 रु. 4,21,70,004.88/- (रुपये चार करोड़ इक्कीस लाख सत्तर हजार चार एवं अठ्ठासी पैसे मात्र), दिनांक 13 सितंबर 2022 की तिथि को.	1. प्लाट ख.नं. 18/239/7/1 व 239/7/2 में स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा तथा पार्सल, खाता नं. 1267 (पार्ट-1), P.H. 48 (एरिया 4344 वर्गफीट) R.N.M. रायपुर-5, वार्ड नं. 22, राजीव गांधी वार्ड मौजा ग्राम-फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. 492001 तथा मि. आनंद मोहन अग्रवाल के स्वामित्व में, 2. प्लाट खसरा नं. 18/239/7/1 व 239/7/2 में स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा तथा पार्सल, खाता नं. 1267 (पार्ट-1), P.H. 48 (एरिया 7480 वर्गफीट) R.N.M. रायपुर-5, वार्ड नं. 22, राजीव गांधी वार्ड मौजा ग्राम-फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. 492001 तथा मि. आनंद मोहन अग्रवाल के स्वामित्व में, 3. मौजा- फाफाडीह, राजीव गांधी वार्ड नं. 22, डाइवर्टेड प्लाट खाता नं. 1267, पार्ट-1, शीट नं. 18, ख.नं. 239, प्लाट नं. 7/1 व 7/2, P.H. No. 48 (एरिया 2222 वर्गफीट) R.N.M. रायपुर-05, तह. व जिला-रायपुर छ.ग. 492001 तथा आनंद मोहन अग्रवाल के स्वामित्व में, ऊपर उल्लेखित समस्त संपत्तियों का सामान्य आहाता : उत्तर- रास्ता, दक्षिण- स्टेट बैंक कालोनी, पूर्व- दानदाता की संपत्ति, पश्चिम- दानदाता की संपत्ति.	रु. 15,01,38,770/- (रुपये पन्द्रह करोड़ एक लाख अड़तीस हजार सात सौ सत्तर मात्र)	रु. 1,50,13,877/- (रुपये एक करोड़ पचास लाख तेरह हजार आठ सौ सततर मात्र)	20.09.2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक नीलामी की तिथि/ समय 30.09.2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक.

बिड इंक्रीस राशि- 10,00,000/- प्रस्ताव/ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 29.09.2024, शाम 5.00 बजे तक

बिक्री की महत्वपूर्ण नियम व शर्तें:-

(1) नीलामी बिड कागजात के आगे की नियम एवं शर्तों के अनुसार तथा इस पर निहित प्रक्रिया के अनुसार होगी. बिड कागजातों, ई-नीलामी के लिये रखी गई सेक्यूर्ड संपत्ति तथा बिड प्रपत्र, जिसे आन लाइन जमा किये जायेंगे, के लिये बिडर्स हमारे ई- नीलामी सेवा प्रदायदाता मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. की बेवसाइट यानि https://www.bankeauctions.com के जरिये जाएं, (2) समस्त इच्छुक खरीददारों/ बिडर्स को उपर उल्लेखित वेबपोर्टल यानि https://www.bankeauctions.com पर अपने नाम का पंजीयन करना आवश्यक है तथा उपर उल्लेखित तिथि एवं समय पर ई- नीलामी में भाग लेने के लिये निःशुल्क स्वयं का युजर आईडी तथा पासवर्ड बनाना आवश्यक है. (3) किसी भी तरह के पूछताछ जानकारी, सपोर्ट प्रक्रिया तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिये भावी बिडर्स मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि., हमारे ई- नीलामी सर्विस पार्टनर कृष्णा धारानी के विभाग से, मोबाइल नं. 9948182222 व ई-मेल आईडी mpcg@c1india.com व support@bankeauctions.com पर संपर्क कर सकते हैं, (4) प्राधिकृत अधिकारी के बेहतर जानकारी व ज्ञान के अनुसार संपत्ति/यों पर कोई भी अधिभार नहीं हैं. फिर भी, इच्छुक बिडर्स, उपर उल्लेखित अनुसार या कोई अन्य तिथि व समय पूर्व नियुक्ति लेकर संपत्ति एवं इसके दस्तावेजों की जांच कर सकते हैं तथा उन्हें अपने बिड जमा करने से पहले, ई-नीलामी पर रखी गई संपत्ति का अधिभार, संपत्ति/यों का टाइटिल तथा संपत्ति को प्रभावित करने के दावे/अधिकार/देयकों के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेना चाहिए. ई-नीलामी का विज्ञापन, केएमबीएल (KMBL) के कोई भी प्रतिबद्धता या कोई भी प्रतिनिधित्व को नहीं दर्शाता/संपत्ति को समस्त मौजूदा तथा आगे के अधिभारों के साथ चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात हो, बिक्री किये जा रहे हैं. प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर कोई भी तीसरी पार्टी के दावों/अधिकारों/देयकों के लिये, किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये इच्छुक खरीदारों/बिडर्स को वेबपोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर **'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड'** के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट जो इंदौर में देय हो के द्वारा उपर उल्लेखित अनुसार सेक्यूर्ड संपत्ति का ब्याज रहित वापसी योग्य प्रतिभूति राशि जमा (EMD) के भुगतान का विवरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पता का साक्ष्य कंपनी की स्थिति में बोर्ड रिजाल्यूशंस तथा उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार पते के साक्ष्य की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ जमा/अपलोड करना होगा. (5) अन्य सभी बिडर्स जो ई-नीलामी में सफल नहीं होंगे उनकी ईएमडी राशि को KMBL के द्वारा ई-नीलामी के बंद होने के 72 कार्य घंटे के भीतर वापस कर दिये जाएंगे. ईएमडी पर ब्याज नहीं दिये जाएंगे, (6) सफल खरीददार/बिडर के द्वारा क्रय राशि की शेष राशि को, प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर द्वारा उक्त सेक्यूर्ड संपत्ति के "बिक्री की पुष्टि" की तिथि से पन्द्रह (15) दिन या इसके पूर्व या प्राधिकृत अधिकारी के स्वयं के निर्णय पर लिखित में सहमति के अनुसार ऐसे किसी विस्तारित अवधि में भुगतान करना होगा. चूक होने की स्थिति में, तब तक जमा किये गए समस्त राशि जब्त कर ली जाएगी. (7) यह कि कर्जदारों/सहकर्जदारों/पार्टनर्स/गिरवीकर्ताओं ने SA नं. 923/23 के तहत माननीय DRT जबलपुर SA के समक्ष, प्रतिभूतिकरण आवेदन फाइल किये हैं जिसका निपटान होना है. (8) सफल बिडर को पैन नं. ACPPA2938Q पर TDS के रुप में बिक्री मूल्य का 1% भुगतान करना होगा. (बिक्री से प्राप्त आय) तथा प्राधिकृत अधिकारी को TDS प्रमाण पत्र जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य के संपूर्ण राशि को (1% TDS कटौती के बाद) EMD को समायोजन करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 दिनों भीतर या कोई अन्य विस्तारित समय के भीतर, जो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जमा करना होगा अन्यथा प्रतिभूति राशि जब्त हो जाएगी.

कर्जदार(रों)/गिरवीकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को SARFAESI अधिनियम के नियम 6 (2), 8 (6) व 9 (1) के तहत एतद्वारा 15 दिन पूर्व वैधानिक नोटिस दी जाती है कि उपरोक्त उल्लेखित अनुसार बकाया राशि का, तिथि तक ब्याज तथा खर्चों सहित, इस नोटिस की तिथि से तीस दिनों के भीतर भुगतान करके अपने दायित्व से मुक्त हो जाएं अन्यथा सेक्यूर्ड संपत्ति की बिक्री ऊपर उल्लेखित नियमों तथा शर्तों के अनुसार कर दी जाएगी. यदि अंग्रेजी तथा स्थानीय भाषा के अखबार के बीच विक्रय सूचना के प्रकाशन में यदि कोई अंतर होता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी अखबार, स्थानीय भाषा के अखबार का स्थान ले लेगा तथा इसे ही अंतिम प्रति (final copy) माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता दूर हो जाएगी. यदि कर्जदार/गारंटर्स/गिरवीकर्ता बिक्री तिथि से पहले बैंक को पूरी बकाया राशि का भुगतान कर देते हैं तो नीलामी रोकी जा सकती है.

बिक्री की विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिये प्राधिकृत अधिकारी रवि द्विवेदी @ + 919764443818 तथा मि. अशोक मोटवानी @ 9873737351 पर बैंक के उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें.

विशेष अनुदेशः ई-नीलामी हमारे सर्विस प्रोवाइडर, मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. के द्वारा, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) के तरफ से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि को होगी, जबकि बिडर्स, रिजर्व प्राइस के ऊपर अपने पसंद के अनुसार, अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/ अपने बिड के स्थान से कोट करेंगे. इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा अन्य साज समान की जरुरतों को स्वयं बिडर्स को सुनिश्चित करना होगा. कृपया ध्यान रहे, कि इंटरनेट कनेक्टिविटी में असफलता (किसी भी कारण से, चाहे जो भी वजह हो) बिडर्स की स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा न तो KMBL न ही C1 इंडिया प्रा. लिमि. इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिये जिम्मेदार होगा. ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिये, बिडर्स से अनुरोध है कि वे आवश्यक प्रबंध/विकल्प की व्यवस्था जो भी जरुरत हो, कर लेवें जिससे कि इस तरह की परिस्थिति से बचा जा सके तथा ई- नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लिया जा सके. अतएव बिडर्स से अनुरोध है कि वे ऐसी विषम परिस्थिति से बचने के लिये अपने बिड कोट करने/इम्प्रूव्ह करने के लिये अंतिम समय की प्रतीक्षा न करें.

स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ़ दिनांक : 10.09.2024

हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

बड़ा बदलाव

जम्मू कश्मीर में अंतरकलह खत्म कर भाजपा ने दिग्गजों को सौंपी संगठन में अहम जिम्मेदारियां

टिकट से वंचित भाजपा नेताओं को जिताने का जिम्मा

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अंदरुनी कलह थामने की कोशिश

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के ऐन मौके पर राज्य संगठन में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने जिन वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया, उन्हें अब संगठन की कमान सौंपी है। इसमें से ज्यादातर को चुनाव से जुड़ी अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य के पूर्व मंत्री सत शर्मा को राज्य का कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह को प्रदेश चुनाव प्रचार समिति का प्रमुख, पूर्व मंत्री चौधरी सुख नंदन को प्रदेश चुनाव प्रचार समिति का उपाध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

90 विधानसभा सीटें-केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में 90 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 47 कश्मीर घाटी और 43 सीटें जम्मू क्षेत्र में हैं। भाजपा का दावा है कि जम्मू क्षेत्र में वह पूरी तरह मजबूत है और कश्मीर घाटी में भी उसका प्रदर्शन अच्छा रहने वाला है। इसलिए उसकी जीत पक्की है।भाजपा ने तीसरे चरण के चुनाव के लिए छठी सूची जारी करने के साथ ही अब तक 62 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है, जिनमें कश्मीर घाटी के 20 उम्मीदवार शामिल हैं, जहां भाजपा विधानसभा चुनाव में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाई है।

सत शर्मा

डॉ. निर्मल सिंह

मान मनौव्वल की कोशिशें की जा रहीं

सूत्रों का कहना है कि टिकट न मिलने से यह नेता नाराज चल रहे थे, जिनकी मान मनौव्वल की कोशिशें की जा रही थीं। इन नेताओं से खुद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में अलग-अलग बातचीत की और काम पर लगने को कहा था। इन्हें मनाने में राज्य के चुनाव प्रभारी राम माधव ने भी अहम भूमिका निभाई। समय रहते आंतरिक कलह को खत्म कर भाजपा ने जम्मू क्षेत्र में अपने अच्छे प्रदर्शन का रास्ता साफ कर लिया है।